दिनांक **26-10-2018**

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

निगम आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने **स्वास्थ्य अधिकारी** से डेंगु **प्रभावित वार्डों** में **सफाई** व्यवास्था की जानकारी सें अवगत **हुए** एवं **निगम क्षेत्र में** सार्वजनिक स्थल बाजार सहित अन्य स्थान पर **रात्रि कालीन सफाई** करने के दिये **निर्देश ।**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस के सुंदरानी के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में निगम के स्वास्थ्य अमले के द्वारा विभिन्न वार्डों में बड़े नाला, नालियां, सडक, सार्वजनिक स्थल बाजार मैं नियमित सफाई कार्यो के साथ- साथ रात्रिकालीन सफाई का कार्य निरंतर किया जा रहा है।स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित कर्मचारियों का गैंग के द्वारा नाली तथा बड़े नालों की सफाई की जा रही है। निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने सफाई कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सभी जोन अनु विभाग कार्यालय में पदस्थ स्वच्छता निरीक्षकों को अपने अपने प्रभार वाले वार्डो का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए मैदानी सफाई कर्मचारियों के साथ वार्डों में कचरा ना फैले तथा सफाई व्यवस्था बनी रहे ऐसी कार्य योजना तैयार कर कार्य का संपादन करे।
वार्ड भ्रमण के दौरान समस्त स्वच्छता निरीक्षकोंए सुपर वाईजरोंए के द्वारा साफ-सफाई रखे जाने के संबंध में आम नागरिकों को जानकारी देते हुए स्वच्छता बनाये रखने की अपील भी की जावे ।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन में पदस्थ स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारीयो को निर्देशित करें कि वे अपने-अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण के दौरान आम नागरिकों से अपील करें कि घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को निगम द्वारा वितरित डस्टबिन में अलग अलग रखें तथा आपके वार्ड में आने वाले सफाई मित्रों को देवें।

जनसम्पर्क अधिकारी